भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 1040
गुरूवार, 15 दिसम्बर, 2022/24 अग्रहायण, 1944 (शक)

'राष्ट्रीय करियर सेवा'

1040. श्री अरूण सिंहः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि 'राष्ट्रीय करियर सेवा' सरकार की एक पहल है जिससे नौकरी खोजने वालों और विभिन्न क्षेत्रों के नियोक्ताओं को एक मंच पर लाकर रोजगार सृजित किए जा रहे हैं;
(ख) यदि हां, तो क्या जून 2022 की राज्य एकीकृत स्थिति रिपोर्ट के अनुसार नौ राज्यों का एकीकरण लंबित है;
(ग) अब तक इन नौ राज्यों के 'राष्ट्रीय करियर सेवा' पहल में समाकलन के लंबित रहने के मुख्य कारण क्या हैं; और
(घ) इसके अतिरिक्त, इस मंच के उपयोगकर्ताओं के बीच ग्रामीण युवाओं के अनुपात का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (घ): राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) परियोजना, सरकार द्वारा रोजगार की खोज एवं मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों पर जानकारी इत्यादि जैसी विभिन्न प्रकार की रोजगार संबंधी सेवाएं प्रदान करने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म [www.ncs.gov.in] के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही है। एनसीएस पोर्टल, रोजगार चाहने वालों और नियोक्ताओं को एक मंच पर एक साथ लाता है।

राज्य रोजगार पोर्टलों के साथ एनसीएस पोर्टल का एकीकरण 20 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के साथ पूरा हो गया है और 07 राज्य/केंद्र शासित प्रदेश, रोजगार चाहने वालों के पंजीकरण के लिए सीधे एनसीएस पोर्टल का उपयोग कर रहे हैं। 09 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों का एकीकरण संबंधित राज्य सरकारों के स्तर पर विभिन्न कारणों जैसे राज्य पोर्टल का विकास/उन्नयन, आदि के कारण लंबित है।

जैसा कि रोजगार चाहने वालों द्वारा रिपोर्ट किया गया है, दिनांक 11 दिसंबर, 2022 तक एनसीएस पोर्टल पर पंजीकृत कुल 2.76 करोड़ रोजगार चाहने वाले में से 1.15 करोड़ (42%) ग्रामीण युवा 15-29 वर्ष के आयु वर्ग के हैं।

*****